# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail Ph 0141-2706550


क्रमांकः एफ–7(ई–कन्टेंट)अकाद/आकाशि/2020/ 22 दिनांकः–: 19 जनवरी 2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषयः– **राजीव गांधी ई–कॉन्टेंट बैंक की स्थापना व कियान्वयन के सम्बन्ध में शपथ–पत्र प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।**

संदर्भः– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्रांक 1330 दिनांक 11.12.2020 ।

प्रदेश के सभी राजकीय महाविद्यालयों में राजीव गांधी ई–कॉन्टेंट बैंक की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में विभाग द्वारा आपको संदर्भित पत्र के द्वारा निर्देशित किया गया था । संदर्भित पत्र की प्रति पुनः संलग्न करते हुये इसी कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि इस बैंक की स्थापना के अन्तर्गत आपके महाविद्यालय में कार्यरत समस्त सह/सहायक आचार्यो द्वारा तैयार किये गये ई–कन्टेंट (टैक्स्ट व वीडियो कॉन्टेंट्स) के राजीव गांधी ई–कॉन्टेंट बैंक में **Uploading** के सम्पूर्ण विवरण (जो विवरण सूचना के रूप में आपके द्वारा आयुक्तालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई **Spread Sheet** में समय समय पर प्रेषित की जाती रही है) को, एक शपथ पत्र (संलग्न) के माध्यम से अकादमिक अनुभाग को उनकी ई–मेल jdacad1960@gmail पर दिनांक 30 जनवरी 2021 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें ।

संलग्नः–उपर्युक्तानुसार ।

(संदेश नायक)
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा

प्रतिलिपि – निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।
2– वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने हेतु प्रेषित है ।

(डॉ. सौमित्र नाथ झा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा,राज0, जयपुर

**शपथ–पत्र**

मैं डॉ0 / श्री / श्रीमती ---------------------------------------पद प्राचार्य / कार्यवाहक प्राचार्य, ---------------------------------------(महाविद्यालय का नाम) सशपथ घोषणा करता / करती हूँ कि इस महाविद्यालय में कार्यरत समस्त सह / सहायक आचार्यों / व्याख्याताओं के द्वारा आज दिनांक--------------------तक तैयार किये गये समस्त ई–कॉन्टेंट (प्रेषित सूचनानुसार) वीडियो व्याख्यानों-----------संख्या एवं टेक्स्ट कॉन्टेंट ---------------संख्या को राजीव गांधी ई–कॉन्टेंट बैंक पर अपलोड़ कर दिया गया है, जो कि विद्यार्थियों के लिये कियाशील एवं उपलब्ध है ।

प्राचार्य

अति—आवश्यक

राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।

क्रमांकः—एफ—7(ई—कॉन्टेंट)अकाद / आकाशि / 2020 / 1330

दिनांक :— 11-12-2020

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषयः—**राजीव गांधी ई—कॉन्टेंट बैंक की स्थापना करने के सम्बन्ध में ।**

प्रदेश के सभी राजकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की अध्ययन प्रक्रिया को वर्तमान समय के अनुकूल बनाने के लिये राजकीय गांधी ई—कॉन्टेंट बैंक की स्थापना की जानी है। इसके अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत सह / सहायक आचार्यो द्वारा गत कई महीनों से तैयार किये जा रहे ई—कॉन्टेंट को एक जगह एकत्रित करके, इसका विद्यार्थियों के हित में उपयोग किये जाने की योजना है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑन लाईन ई—कॉन्टेंट की सुविधा प्रदान करना है, जिससे विद्यार्थियों को, विशेष रूप से दूरदराज क्षेत्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अध्ययन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ।

इस हेतु निम्न दिशा—निर्देश तुरन्त प्रभाव से जारी किये जाते हैं । प्राचार्य इन दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें:—

1. महाविद्यालय स्तर पर इस योजना की क्रियान्विति हेतु राजीव गांधी ई—कॉन्टेंट समिति का गठन किया जायेगा । यह समिति महाविद्यालय के संकाय सदस्यों द्वारा समय समय पर बनाये जा रहे ई—व्याख्यानों की गुणवत्ता को जांच कर राजीव गांधी ई—कॉन्टेंट बैंक में इनका संग्रहण, रखरखाव व विद्यार्थियों तक इनकी पहुॅच सुनिश्चित करेगी ।
2. महाविद्यालय में किसी विषय के संकाय सदस्य की अनुपलब्धता होने पर राजीव गांधी ई—कॉन्टेंट बैंक के माध्यम से, उस विषय से सम्बन्धित सामग्री को महाविद्यालय स्तर पर गठित समिति द्वारा, महाविद्यालय की Google Drive या Youtube चैनल पर संग्रहित कर, विद्यार्थियों को समय समय पर उपलब्ध करवाया जायेगा ।
3. महाविद्यालय अपनी Google Drive में राजीव गांधी ई—कॉटेंट बैंक को विषयवार बनाकर तैयार करेंगे व आयुक्तालय द्वारा प्रेषित Spread Sheet- (Rajiv Gandhi E-Content Bank) में राजीव गांधी ई—कॉन्टेंट बैंक की Google Drive के लिंक को Paste करेंगे।
4. महाविद्यालय, राजीव गांधी ई—कॉटेंट बैंक की Google Drive के लिंक को अपनी वेबसाईट पर भी दर्शाया जाना सुनिश्चित करेंगे।
5. ई—कॉन्टेंट को संग्रहित करने के लिये महाविद्यालय स्तर पर विकास समिति द्वारा Google Drive पर 1 TB तक का अतिरिक्त मेमोरी खरीदने का निर्णय लिया जा सकता है ।
6. महाविद्यालय में स्थापित राजीव गांधी ई—कॉन्टेंट बैंक की मॉनिटरिंग आयुक्तालय स्तर पर गठित समिति द्वारा की जायेगी ।

11/12/2020

(संदेश नायक)
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर।

क्रमांकः—एफ—7(ई—कॉन्टेंट)अकाद / आकाशि / 2020 / 1330

दिनांक :— 11-12-2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, जयपुर ।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, जयपुर ।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करने बाबत् ।

(जी0के0 सोनी) 11.12.20
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।